उत्तर प्रदेश सरकार
**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**
तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, 19-सी, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

पत्र संख्या–पीआरपीबी–चार–15–(07)–2024 दिनांक–फरवरी 01 , 2025

# सूचना / विज्ञप्ति

**उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली–2011 (यथा–संशोधित) के अनुसार चयन वर्ष–2024–25 के अन्तर्गत कम्प्यूटर आपरेटर–ग्रेड–बी से कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–सी के 312 पदों पर चयन के सम्बन्ध में।**

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ के स्तर पर उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली–2011 (यथा–संशोधित) में निहित प्रावधानानुसार **चयन वर्ष–2024–24** (दिनांक 01–07–2024 से 30–06–2025 तक) कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी से **कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–सी** के रिक्त **312** पदों के सापेक्ष पात्र 01 महिला कार्मिक की विभागीय लिखित परीक्षा/सेवाभिलेखों के आधार पर श्रेष्ठताक्रम में चयन के सम्बन्ध में अधियाचन बोर्ड को उपलब्ध कराया गया है।

2– उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली–2011 (यथा–संशोधित) के **नियम–05 (3)** में **कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–सी** हेतु पदोन्नति की प्रक्रिया निम्नवत दी गयी है:–

> "**कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–सी** मौलिक रूप से नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी में से जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी के पद पर **06 वर्ष** की सेवा पूर्ण कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।"
>
> परन्तु यह कि यदि पदोन्नति हेतु अनुभवी एवं योग्य कर्मी उपलब्ध नही होते है, तो रिक्तियों को पुलिस विभाग के जनपद/इकाईयों में कार्यरत योग्य एवं अर्हता रखने वाले व्यक्तियों से स्थानान्तरण के आधार पर भरा जा सकेगा।

3– संगत सेवा नियमावली–2011 के **नियम–18** में **कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–सी** हेतु पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रकिया निम्नवत दी गयी है:–

(1) कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी से कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–सी के पद पर प्रोन्नति उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से आयोजित विभागीय परीक्षा के आधार पर की जायेगी।

(2) लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी। यह कुल 200 अंक की होगी। लिखित परीक्षा का प्रश्नपत्र सामान्य ज्ञान, मानसिक सामर्थ्य, तर्क शक्ति एवं कम्प्यूटर विज्ञान से सम्बन्धित होगा। प्रश्न पत्र का स्तर कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए हेतु न्यूनतम अपेक्षित शैक्षिक योग्यता के अनुसार होगा।

(3) लिखित परीक्षा में न्यूनतम चालीस प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है। ऐसे अभ्यर्थी जो चालीस प्रतिशत अंक प्राप्त करने में विफल रहते हैं, पदोन्नति के लिये पात्र नहीं होंगे।

(4) सेवा अभिलेख के 50 अंक होंगे जो अभ्यर्थियों को सेवा अभिलेखों के आधार पर अंक निम्नवत् प्रदान किये जायेंगे:–

(क) सेवा की कालावधि के लिये अधिकतम 10 अंक होंगे (अधिकतम अंक 10)

(ख) स्नातक अथवा उससे ऊपर की शैक्षिक योग्यता के लिये अधिकतम 05 अंक एवं शैक्षिक अर्हता के अतिरिक्त तकनीकी कम्प्यूटर कोर्स हेतु 05 अंक (अधिकतम अंक 10)

(ग) अधिकतम 15 अंकों के अधीन प्रत्येक प्रशिक्षण (तीन दिवस या अधिक अवधि का) के लिये 03 अंक (अधिकतम अंक 15)

(घ) वार्षिक प्रविष्टि के लिये 15 अंक होंगे (अधिकतम अंक 15)

प्रत्येक वृहद दण्ड के लिये 03 अंक, प्रत्येक लघु दण्ड के लिये 02 अंक और प्रत्येक प्रतिकूल प्रविष्टि और सूक्ष्म दण्ड के लिये 01 अंक काट लिया जायेगा। इस प्रयोजन हेतु पिछले दस वर्षों की सेवा अभिलेखों पर विचार किया जायेगा।

सेवा अभिलेखों का परीक्षण इस दृष्टिकोण से भी किया जायेगा कि क्या अभ्यर्थी को कोई ऐसा दण्ड दिया गया है जो उसे पदोन्नति के लिये अनुपयुक्त ठहराता हो, कोई अभ्यर्थी जिसकी सत्यनिष्ठा गत पांच वर्षों में एक बार भी रोकी गयी हो, पदोन्नति के लिये पात्र न होगा।

(5) नियम–6 में निर्दिष्ट आरक्षण के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुये बोर्ड लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा एवं सेवा अभिलेख में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर श्रेष्ठता क्रम में सफल अभ्यर्थियों की सूची तैयार करेगा और उक्त सूची नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगा।

## 3–लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रमः–

### सामान्य ज्ञान (General Knowledge)-

सामान्य विज्ञान, भारत का इतिहास, भारतीय संविधान, भारतीय अर्थव्यवस्था एवं संस्कृति, भारतीय कृषि, वाणिज्य एवं व्यापार, जनसंख्या, पर्यावरण एवं नगरीकरण, भारत का भूगोल तथा विश्व भूगोल और प्राकृतिक संसाधन, उ०प्र० की शिक्षा संस्कृति और सामाजिक प्रथाओं के सम्बन्ध में विशिष्ट जानकारी, उ0प्र0 में राजस्व, पुलिस व सामान्य प्रशासनिक व्यवस्था, मानवाधिकार आन्तरिक सुरक्षा तथा आतंकवाद, भारत व उसके पड़ोसी देशों के बीच सम्बन्ध, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के समसामयिक विषय, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय संगठन, विमुद्रीकरण और उसका प्रभाव, साइबर क्राइम, रेल बजट का सामान्य बजट में विलय, सिन्धु जल समझौता, ओलम्पिक, वस्तु एवं सेवाकर पुरस्कार और सम्मान, देश/राजधानी / मुद्रायें, महत्वपूर्ण दिवस, अनुसंधान एवं खोज, पुस्तक और उनके लेखक, सोशल मीडिया कम्युनिकेशन, इण्टरनेट बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, डिजिटल वॉलेट।

### मानसिक सामर्थ्य (Mental ability)-

LogicalDiagrams - तार्किक आरेख,Symbol-Relationship Interpretation- संकेत - सम्बन्ध विश्लेषण, Perception Test - प्रत्यक्ष ज्ञान बोध, Word formation Test - शब्द रचना परीक्षण, Letter and number series - अक्षर और संख्या श्रृंखला, Word and alphabet Analogy - शब्द और वर्णमाला में आंशिक समरूपता, Common Sense Test - व्यावहारिक ज्ञान परीक्षण, Direction sense Test - दिशा ज्ञान परीक्षण, Logical interpretation of data-आंकड़ों का तार्किक विश्लेषण, Forcefulness of argument प्रभावी तर्क, Determining implied meanings-अंतर्निहित भावों का विनिश्चय करना, Numerical ability Test - संख्यात्मक योग्यता परीक्षण।

### तर्कशक्ति (Reasoning)-

Analogies-समरूपता, Similarities-समानता, Differences-भिन्नता, Space visualization-खाली स्थान भरना, Problem solving-समस्या को सुलझाना, Analysis judgement - विश्लेषण निर्णय, Decision-making-निर्णायक क्षमता, Visual memory - दृश्य स्मृति, Discrimination - विभेदन क्षमता, Observation - पर्यवेक्षण, Relationship - सम्बन्ध, Concepts-अवधारणा, Arithmetical reasoning - अंकगणितीय तर्क, Verbal and figure classification-शब्द और आकृति वर्गीकरण, Arithmetical number series- अंकगणितीय संख्या श्रृंखला. Abilities to deal with abstract ideas and symbols and their relationships-अमूर्त विचारों व प्रतीकों तथा उनके सम्बन्धों से सामंजस्य की क्षमता।

### कम्प्यूटर विज्ञान Computer Science-

**Introduction:**

History, Evolution and Generation of Computers, Organisation of Computer system, Hardware, Software, Peripheral Devices, Algorithm, Flowchart and Number System.

**Database Management System:**

Data organisation, File Management System, Database Concepts, Relational Data Model and Basic Concept of Database, Popular Database Management System- Fox pro and Oracle with SQL etc.

**PC Software and Office Automation:**

Office System and Procedure, the need for office automation, Electronic Capture, Storage, Graphics and Graphic User Interface, Electronic Data Interchange.

**Workplace productivity Tools:**

Word Processing Tools, Electronic spreadsheets, Electronic presentation toolsMicrosoft Office (Word, Excel, Power Point, Access), Open Office, Using these tools in English and official Indian languages (Windows, Unix and Unicode Fonts), Exchange of Files across these platforms.

**Computer Networks:**

Types of networks, Network topology, Risk assessment and security measures and security issues, LAN, MAN, WAN.

**The Internet:**

Working with internet, uses of internet, Search Engines, e-mail, e-commerce, e-banking and e-learning.

**Emerging Technologies and Web Publishing:**

Application Software, Computer controlled devices, Artificial Intelligence, Mobile Computing, Green Computing, Operating System- Windows, Unix / Linux, HTML, JavaScript, Banking and e-commerce application

**Boolean algebra:**

Boolean operators, Truth Tables, Closure property, Laws of Boolean Algebra, SOP, POS, Karnaugh map, Application of Boolean logic.

**Data Structures:**

One and two dimensional arrays, Stack and queue.

**Introduction to:** Cryptography, Block Chain technology, Dark Web

**5–लिखित परीक्षा–**

उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली–2011 (यथा–संशोधित) में निहित प्रावधानों के अनुसार निम्न विवरण के अनुसार बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा **दिनांक 13–02–2025 को उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ के बोर्ड कार्यालय** में समय प्रातः 11.00 बजे से 01.30 बजे तक आयोजित की जायेगी।

| क.सं. | विषय | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम् अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य ज्ञान | 01 से 40 | 50 | 02 घण्टा 30 मिनट |
| 2 | मानसिक सामर्थ्य एवं तर्कशक्ति | 41 से 80 | 50 | |
| 3 | कम्प्यूटर विज्ञान | 81 से 160 | 100 | |
| | | कुल प्रश्न–160 | कुल अंक–200 | |

लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र यथाशीघ्र बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि बोर्ड की साइड पर समय–समय पर चैक करते रहें।

01.2.2025

**अपर सचिव, प्रोन्नति,**
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।